स्टेट हैंडलूम एक्सपो में डिजाइन प्रतियोगिता के विजेताओं को मिले पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

21 दिसंबर, 2022 को मध्य प्रदेश कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा फैब्रिक्स ऑफ मध्य प्रदेश की थीम पर आयोजित डिजाइन काम्पटीशन के विजेताओं को भोपाल हाट बाज़ार, भोपाल में स्टेट हैंडलूम एक्सपो-2022 पुरस्कार वितरित किये गए।

प्रमुख बिंदु

- इस कार्यक्रम में मिसेज इंडिया इंटरनेशनल डॉ. रीनू यादव एवं मिसेज यूनिवर्स जॉय सुश्री अमृता त्रिपाठी ने स्टेट हैंडलूम एक्सपो-2022 के पुरस्कारों का वितरण किया।
- भोपाल ज़िले से एथनिक वियर श्रेणी में अमातुल्लाह बोहरा, अर्चना विश्वकर्मा एवं सलमा अंसारी तथा रेडी टू वियर श्रेणी में नंदिता नायर, फराह नदीम एवं मान्या यादव को क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया गया।
- इसी प्रकार इंदौर ज़िले से एथनिक वियर श्रेणी में राखी गुप्ता, सीमा पारीक एवं समीक्षा नायक तथा रेडी टू वियर श्रेणी में दिव्या राठी, सौरवकांत श्रीवास्तव एवं गुलिका अग्रवाल को क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया गया।
- सभी विजेताओं को 'एक ज़िला-एक उत्पाद'योजना में चयनित सात ज़िलों के सात उत्पाद एवं प्रशस्ति-पत्र उपहार स्वरूप दिये गए।
- प्रदेश के हथकरघा, खादी एवं रेशमी वस्त्रों के उत्पादन की पारंपरिक प्रक्रिया को सहेजने और उनके पीछे छुपी हुई समृद्ध निर्माण कला का प्रदेशवासियों को परिचय देने के उद्देश्य से डिजाइन प्रतियोगिता के अतिरिक्त हैंडलूम ऑन व्हील्स का भी आयोजन किया गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-winners-of-the-design-competition-received-prizes-at-the-state-handloom-expo